‘उदय खेल महोत्सव’ का समापन

चर्चा में क्यों?

26 फरवरी, 2022 को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ ज़िले के निंबाहेड़ा में खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने एवं खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के मकसद से शुरू किये गए सात दिवसीय ‘उदय खेल महोत्सव’का समापन हो गया।

प्रमुख बिंदु

- ‘उदय खेल महोत्सव’के दौरान विभिन्न खेल वर्ग में प्रतियोगिताएँ आयोजित हुईं जिनमें खिलाड़ियों ने काफी उत्साह दिखाया।
- फुटबॉल में फाइनल मैच अमन क्लब और उदय क्लब के बीच हुआ जिसमें अमन क्लब निंबाहेड़ा की टीम विजेता रही। वहीं क्रिकेट प्रतियोगिता में मांगरोल क्लब और गागरोन क्लब के बीच अंतिम मैच हुआ जिसमें मांगरोल की टीम विजेता रही।
- वॉलीबॉल में अरनोदा क्लब और मरजीवी क्लब के बीच मैच हुआ जिसमें मरजीवी क्लब की टीम विजेता रही। इसी प्रकार से कबड्डी में फाचर अहिरान और कदमाली के बीच मैच हुआ।
- विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी और टीमों को प्रोत्साहन राशि 55,555 रुपए प्रदान की गई तथा संबंधित विजेता टीम को अपने वार्ड में विकास कार्य के लिये 10 लाख रुपए की राशि का चेक वितरण किया गया। उप-विजेता टीमों को 25,555 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई।
- सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे महोत्सव का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के खिलाड़ियों का शारीरिक और मानसिक विकास करना है। उदय खेल महोत्सव से खिलाड़ियों के शारीरिक-मानसिक विकास के साथ भाईचारा को बढ़ावा मिलता है। एक-दूसरे के विचारों का आदान-प्रदान होता है।
- खेल मंत्री अशोक चांदना ने अपने भाषण में खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया एवं खेल के विकास के लिये निंबाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिये दो करोड़ रुपए देने की घोषणा की।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uday-sports-festival